# 27-01-2021

## राष्ट्रीय उत्सव

प्रश्न : निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. भारत को 15 अगस्त 1947 को अंग्रेजो से आजादी मिल गई थी।
2. 26 जनवरी 1950 को भारत एक संप्रभु लोकतांत्रिक गणराज्य घोषित हुआ।
3. 26 जनवरी 1981 को वायुदूत विमान सेवा की शुरूआत।

**उपरोक्त में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?**

(A) 01 और 02 (B) 02 और 03
(C) 01 और 03 (D) उपरोक्त सभी

**(D) उपरोक्त सभी**

**भूमिका** :- विविध धर्मों, अस्थाओं और संस्कृति के देश भारत में दिन कोई न कोई त्यौहार मनाया जाता है। हर धर्म में त्यौहार मनाने की परंपरा है, लेकिन कुछ त्यौहार मनाया जाता है। हर धर्म में त्यौहार मनाने की परंपरा है, लेकिन कुछ त्यौहार ऐसे भी है, जो प्रत्येक देश वासी के लिए महत्वपूर्ण हैं और पूरे देश में सम्मान और स्नेह के साथ मनाए जाते है। 26 जनवरी भी एक ऐसा ही दिन है, जो देश का राष्ट्रीय पर्व है। देश का हर नागरिक चाहे वह किसी धर्म, जाति या संप्रदाय से ताल्लुक रखता हो, इस दिन को राष्ट्र प्रेम से ओतप्रोत होकर मनाता है।

भारत को 15 अगस्त 1947 को अंग्रेजो से आजादी मिली थी, लेकिन 26 जनवरी 1950 को भारत एक संप्रभू लोकतंत्रिक गणराज्य घोषित हुआ।

**परीक्षा उपयोगी बिन्दु** :-

- इस दिन राजधानी में राजपथ पर होने वाले मुख्य आयोजन में भारत की सांस्कृतिक झलक के साथ ही सैन्य और परंपरागत विरासत की झांकी पेश की जाती है।
- 26 जनवरी की तारीख पर दर्ज अन्य महत्वपूर्ण घटनाएँ कुछ इस प्रकार है।
- वर्ष 1556 मुगल बादशाह हुमायूं की सीढ़ियों से गिरने से मृत्यु हो गई।
- 1930 को ब्रिटिश शासन के अंतर्गत भारत में पहली बार स्वराज दिवस मनाया गया।
- वर्ष 1931 में सविनय अवज्ञा आंदोलन के दौरान ब्रिटिश सरकार से बातचीत के लिए महात्मा गांधी को रिहा किया गया।
- वर्ष 1950 को स्वतंत्र भारत का संविधान लागू हुआ और भारत को एक संप्रभू लोकतंत्रिक गणराज्य घोषित किया गया। इसके बाद से इस दिन को गणतंत्र दिवस के रूप में मनाया जाने लगा।
- 1950 सी. गोपालचारी ने भारत के अंतिम गवर्नर जनरल का पद छोड़ा और डॉ. राजेन्द्र प्रसाद ने देश के प्रथम राष्ट्रपति का पद संभाला।
- वर्ष 1950 को अशोक स्तंभ को राष्ट्रीय प्रतीक चिन्ह के रूप में अपनाया गया।

DOWNLOAD KAUTILYA ACADEMY APP FROM GOOGLE PLAY STORE
AND GET FREE DAILY CURRENT AFFAIRS

- 1950 में फेडरल कोर्ट ऑफ इंडिया, जिसकी स्थापना 1937 में हुई थी को भारत का उच्चतम न्यायालय बनाया गया।
- वर्ष 1957 में फेडरल कोर्ट ऑफ इंडिया, जिसकी स्थापना 1937 में हुई थी, को भारत का उच्चतम न्यायालय बनाया गया।
- वर्ष 1957 को जम्मू-कश्मीर के भारत की तरफ के हिस्से को औपचारिक रूप से भारत का हिस्सा बनाया गया।
- 1972 में दिल्ली के इंडिया गेट पर राष्ट्रीय स्मारक अमर ज्योति का अनावरण किया गया।
- 1981 में वायुदूत विमान सेवा की शुरूआत की गई।
- वर्ष 1982 में पर्यटकों को रेल के सफर के दौरान शाही और विलासितापूर्ण अनुभव का आंनद दिलाने के लिए भारतीय रेल ने पैलेस ऑन व्हील्स सेवा शुरू की थी।
- वर्ष 2001 में गुजरात के भुज में 7.7 तीव्रता का भीषण भूकंप आया जिसमें हजारों लोग मरे गए।
- वर्ष 2008 में गणतंत्र दिवस के अवसर पर देश की पहली महिला राष्ट्रपति प्रतिभा पाटिल ने परेड की सलामी दी। एन.आर. नारायणमूर्ति की फ्रांस सरकार के सर्वोच्च नागरिक सम्मान द ऑफिसर ऑफ द लीजन ऑफ ऑवर से सम्मानित किया गया।
- वर्ष 2010 में भारत ने मीरपुर में बांग्लादेश से दूसरा टेस्ट 10 विकेट से जीतते हुए सीरीज पर 2-0 से कब्जा कर लिया।

## जलवायु अनुकूल शिखर सम्मेलन-2021

प्रश्न : निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. 25 जनवरी 2021 को नीदरलैंड सरकार द्वारा जलवायु अनुकूलन शिखर सम्मेलन आयोजित किया गया था।
2. यह शिखर सम्मेलन ने UNFCCC के COP-26 के माध्यम से गति को बनाए रखने और जलवायु आपातकाल के अग्रणी समाधान का प्रदर्शन किया।
3. 2021 संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन सम्मेलन को CoP - 26 के रूप में भी जाना जाता है।

**उपरोक्त में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?**

(A) 01 और 02 (B) 02 और 03

(C) 01 और 03 (D) उपरोक्त सभी

**(D) उपरोक्त सभी**

**भूमिका** :- हाल ही में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने जलवायु अनुकूलन शिखर सम्मेलन 2021 को संबोधित करते हुए कहा है, कि वर्ष 2030 तक भारत 450 गीगावाट नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता के लक्ष्य को हासिल करने का प्रयास करेगा। साथ ही यह भी कहा कि भारत एलईडी रोशनी को बढ़ावा दे रहा है, और प्रति वर्ष 38 मिलियन टन कार्बन डाइऑक्साइट

DOWNLOAD KAUTILYA ACADEMY APP FROM GOOGLE PLAY STORE
AND GET FREE DAILY CURRENT AFFAIRS

उत्सर्जन को कम कर रहा है। वही इस बात पर भी प्रकाश डाला कि 2030 तक भारत 26 जनवरी हेक्टेयर खराब भूमि को बहाल कर देगा।

**परीक्षा उपयोगी बिन्दु :-**

- 25 जनवरी 2021 को नीदरलैंड सरकार द्वारा जलवायु अनुकुलन शिखर सम्मेलन आयोजित किया गया था। यह शिखर सम्मेलन ऑनलाइन आयोजित किया गया था और इसे CAS Online भी कहा जा रहा है।
- इस शिखर सम्मेलन ने UNFCCC के COP-26 के माध्यम से गति को बनाए रखने और जलवायु आपातकाल के अग्रणी समाधान का प्रदर्शन किया।
- इस शिखर सम्मेलन के आयोजकों ने कृषि अनुसंधान के लिए नई फंडिंग का भी अव्हान किया।
- इस शिखर सम्मेलन को उन बदलावों को साकार करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया था, जो जलवायु-लचीली दुनिया के लिए आवश्यक हैं।
- यह शिखर सम्मेलन नए निवेश हासिल करने पर केंद्रित है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि लाखों छोटे किसान खाद्य उत्पादन पर जलवायु के प्रभाव के अनुकूलन को अपना सके।
- भारत ने इस शिखर सम्मेलन के दौरान 80 मिलियन ग्रामीण परिवारों को खाना पकाने का स्वच्छ ईंधन प्रदान करने के लिए प्रतिबद्धता व्यक्त की है। इसने 64 मिलियन घरों को पाइप के द्वारा जल आपुर्ति से जोड़ने के लिए भी प्रतिबद्धता जाहिर की है।
- 2021 संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन सम्मेलन को Cop-26 के रूप में भी जाना जाता है। यह 26 वां संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन सम्मेलन है।
- इस सम्मेलन का आयोजन 1 से 12 नवंबर 2021 तक स्कॉटलैंड के ग्लासगों में आयोजित किया जाएगा। यूनाइटेड किंगडम इस शिखर सम्मेलन की अध्यक्षता करेगा।

## वैश्विक जलवायु जोखिम सूचकांक-2021

प्रश्न : निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. वैश्विक जलवायु जोखिम सूचकांक जर्मनी के बॉन में स्थित जर्मनवाच नामक एक एनजीओं द्वारा जारी किया गया है।
2. जर्मनवाच एक गैर-लाभकारी गैर-सरकारी संगठन है, जिसे 1991 में स्थापित किया गया था।
3. CRI सूचकांक देश और अर्थव्यवस्था पर चरम जलवायु घटनाओं के प्रभाव के विश्लेषण करता है।

DOWNLOAD KAUTILYA ACADEMY APP FROM GOOGLE PLAY STORE
AND GET FREE DAILY CURRENT AFFAIRS